# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 29 सितंबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine



Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान हाईकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है?

(A) जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा
(B) जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू
(C) जस्टिस संजीत पुरोहित
(D) इनमें से कोई नही

- जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को विधि मंत्रालय ने आदेश जारी कर उन्हें राजस्थान हाईकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है.
- यह आदेश 27 सितम्बर से प्रभावी होगा. मुख्य न्यायाधीश के.आर. श्रीराम के सेवानिवृत्त होने के बाद जस्टिस शर्मा यह दायित्व संभालेंगे.
- 27 सितम्बर 1964 को जयपुर में जन्मे जस्टिस शर्मा ने 30 मई 1987 को राजस्थान हाई कोर्ट में वकालत की शुरुआत की.

## Yesterday Revision

. हाल ही में राजस्थान के जोधपुर में मारवाड़ महोत्सव 2025 का आयोजन कब किया जाएगा?- 6 और 7 अक्टूबर 2025

. हाल ही में राजस्थान के किस कलाकार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 64वां राष्ट्रीय ललित कला अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया है?-डॉ. गिरिराज शर्मा & डॉ. कनुप्रिया

. राजस्थान में किस जिले की साहित्यकार कौशल्या अग्रवाल को अंतरराष्ट्रीय भूटान भारत साहित्य रत्न सम्मान से नवाजा गया?-जोधपुर

.राजस्थान के किस अस्पताल में जल्द ही रोबोटिक तकनीक से किडनी ट्रांसप्लांट किया जाएगा?- सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर

. प्रधानमंत्री कुसुम योजना के कम्पोनेंट-बी में जयपुर जिले के कितने किसानों के खेतों में सोलर पम्प लगवाए जाएंगे?- 5500

**01. हाल ही में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी का कार्यकाल कितने महीने के लिए बढ़ा दिया गया है?**

(A) 2 महीने

(B) 3 महीने

(C) 6 महीने

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की एडहॉक कमेटी का कार्यकाल एक बार फिर 3 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है. जयपुर के सहकारी समितियां रजिस्ट्रार ऑफिस ने आदेश जारी कर दिए हैं.
- इस नए आदेश के तहत समिति का कार्यकाल 26 सितंबर 2025 से अगले तीन महीने तक बढ़ा दिया गया है.
- मार्च-2024 में गठित की समिति का कार्यकाल शुरुआत में सिर्फ 3 महीने का था, लेकिन आरसीए के चुनाव समय पर न होने के कारण इसे नियमित रूप से आगे बढ़ाया जाता रहा है
- एडहॉक कमेटी के संयोजक डीडी कुमावत

**02. राजस्थान में कोचिंग सेंटर नियंत्रण कानून 2025 के अनुसार अब कितने छात्र होने पर उसे कोचिंग संस्थान माना जाएगा?**

**(A) 100**

**(B) 50**

**(C) 500**

**(D) इनमें से कोई नही**

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में कोचिंग सेंटर नियंत्रण कानून प्रभावी हो गया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इसे मंजूरी दे दी। इसके बाद विधि विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी।
- इस कानून के तहत उन सभी कोचिंग संस्थानों को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा, जिनमें सौ या इससे अधिक विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। यानी कि जिस संस्था में 100 छात्र होंगे, उसे कोचिंग माना जाएगा।
- राजस्थान कोचिंग सेन्टर नियंत्रण और विनियमन विधेयक, 2025 तीन सितंबर को विधानसभा में पारित किया गया था।
- नियमों के उल्लंघन करने पर पहली बार में 50 हजार और दूसरी बार में दो लाख रुपए जुर्माना होगा। इसके बाद भी अगर नियमों की अवहेलना की जाती है, तो कोचिंग सेंटर का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

03. भारत सरकार ने जोधपुर, उदयपुर, कोटा और बीकानेर में स्पाइन इंजरी सेंटर स्थापित करने के लिए कितने करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं?

(A) 05 करोड़ रुपये

(B) 15 करोड़ रुपये

(C) 10 करोड़ रुपये

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- इसके साथ ही, भारत सरकार ने जोधपुर, उदयपुर, कोटा और बीकानेर में स्पाइन इंजरी सेंटर स्थापित करने के लिए कुल 10 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।
- अब स्पाइन इंजरी सेंटर के स्थापित हो जाने के बाद स्पाइन की चोटों से संबंधित समग्र व विश्वस्तरीय इलाज इसके अधीन हो पाएगा।
- यह सेंटर रीढ़ की हड्डी की चोटों से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष उपचार सुविधा प्रदान करेगा

04. एशियन अंडर-17 यूथ बालक हैंडबॉल चैम्पियनशिप के लिए राजस्थान से किसका चयन भारतीय टीम में किया गया?

(A) कार्तिक

(B) दुष्यंत शर्मा

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- अम्मान (जॉर्डन) में आयोजित प्रथम एशियन अंडर-17 यूथ बालक हैंडबॉल चैम्पियनशिप के लिए राजस्थान के वीआरएस दुष्यंत शर्मा एवं कार्तिक का चयन भारतीय टीम में किया गया है।
- राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया की दुष्यंत पीवट की पोजीशन पर तथा कार्तिक गोलकीपर की पोजीशन पर खेलते हैं।
- कोच: रवि कुमार, गौरी शंकर मिश्रा, नंद लाल।

05. अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 9वां त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन 5 से 7 अक्टूबर तक कहां आयोजित होगा?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) कोटा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 9वां त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन 5 से 7 अक्टूबर तक जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ में आयोजित होगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर के 29 राज्यों से करीब 3200 शिक्षक प्रतिनिधि भाग लेंगे।
- अधिवेशन का केंद्रीय विषय शिक्षक राष्ट्र के लिए रहेगा
- 6 अक्टूबर को सायंकाल प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा (राजस्थान), प्रो. सुषमा यादव (दिल्ली) और श्री वी. जे. श्रीकुमार (केरल) को अखिल भारतीय शिक्षा भूषण शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।
- खास बात यह है कि यह सम्मान शिक्षकों के योगदान के आधार पर स्वतंत्र समिति द्वारा चयनित किया जाता है, न कि आवेदन के जरिए। सम्मान में एक लाख रुपये नकद, प्रशस्ति पत्र और चांदी की थाली दी जाएगी।

**06. राजस्थान में अब मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में प्रत्येक उष्ट्र पालक के कितने ऊंटों का नि:शुल्क बीमा किया जाएगा?**

(A) 10

(B) 04

(C) 20

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- ऊंटों की संख्या में हो रही कमी को ध्यान में रखते हुए ऊंट संवर्धन को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में महत्वपूर्ण निर्णय लिया।
- योजना में अब प्रत्येक उष्ट्र पालक के 10 ऊंटों का नि:शुल्क बीमा किया जाएगा। इससे बीमारी, हादसे, प्राकृतिक आपदा में इनकी मृत्यु पर पशुपालकों को संबल मिल सके
- पशुपालन विभाग मंगला पशु बीमा योजना में अब पशुपालकों के अधिकतम 10 ऊंटों का नि:शुल्क बीमा करेगा।
- पूर्व में एक ऊंट का बीमा करने का प्रावधान था। योजना में बीमारी, हादसे, प्राकृतिक आपदा से बीमित ऊंट के मरने पर अधिकतम 40 हजार रुपए बीमा राशि देने का प्रावधान है।

**07. राजस्थान में सहकारिता विभाग द्वारा सहकार सदस्यता अभियान कब संचालित किया जाएगा**

(a) 12 से 25 अक्टूबर

(b) 2 से 15 अक्टूबर

(c) 4 से 20 अक्टूबर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान सहकारिता विभाग द्वारा आगामी 2 से 15 अक्टूबर तक प्रदेश भर में सहकार सदस्यता अभियान संचालित किया जाएगा।
- यह अभियान राज्य में सहकारिता का विस्तार करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसर होगा।
- अभियान के अंतर्गत प्रमुख रूप से पांच गतिविधियां सम्पादित की जाएंगी, जिनमें नवीन पैक्स के गठन हेतु प्रस्ताव व सदस्यता राशि प्राप्त करना तथा स्वीकृति जारी करना, प्रस्तावित नये सहकारिता कानून के प्रावधानों की जानकारी देना, पैक्स/डेयरी सहकारी समितियों में युवाओं व महिलाओं के लिए विशेष सदस्यता अभियान चलाना, शामिल है

**08. राजस्थान में सरकारी स्तर पर देश का पहला और विदेश स्तर पर लंदन के बाद दूसरा इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी कहां शुरू होगा?**

(a) एम्स, जोधपुर

(b) पीबीएम, बीकानेर

(c) SMS, जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- जयपुर के SMS में शुरू होगा देश का पहला सरकारी कॉस्मेटिक लेजर इंस्टीट्यूट, लंदन के बाद दूसरा, 7 करोड़ की लागत से बना इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी
- एसएमएस अस्पताल के चरक भवन में 7 करोड़ रुपए की लागत से इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी तैयार हो गया है। यहां लेजर और कॉस्मेटिक प्रोसिजर से जुड़ी सभी आधुनिक मशीनों की सुविधा अगले तीन माह में मिलने लगेगी।
- इस संस्थान में झड़ते बालों को दोबारा उगाने, चेहरे पर मस्से हटाने, अनचाहे बालों को खत्म करने का इलाज एक्साइमर तकनीक से होगा

**09. हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का नया अध्यक्ष किसे चुना गया है?**

(a) देवजीत सैकिया

(b) मिथुन मन्हास

(c) राजीव शुक्ला

(d) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का नया अध्यक्ष चुना गया है.
- BCCI की नई कार्यकारिणी की घोषणा 28 सितंबर को वार्षिक आम बैठक (AGM) में की गई.
- राजीव शुक्ला और देवजीत सैकिया को फिर से BCCI के उपाध्यक्ष और सचिव के रूप में चुना गया
- मिथुन मन्हास ने रॉजर बिन्नी की जगह पर इस पद से लिए चुना गया है. मिथुन ने कुछ दिन पहले ही इस पद के लिए आवेदन दिया था.

10. हाल ही में 28 सितंबर से भारत में पहली बार एशिया स्विमिंग चैम्पियनशिप का आगाज कहां हुआ है

(a) अहमदाबाद

(b) उदयपुर

(c) मुंबई

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- एशिया स्विमिंग चैम्पियनशिप 28 सितंबर से प्रारंभ
- प्रतियोगिता अहमदाबाद के वीर सावरकर स्टेडियम के एक्वेटिक एरिना में आयोजित की जा रही है।
- भारत में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
- भारत के 94 खिलाड़ियों सहित कुल 617 स्विमर भाग लेंगे।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान के किस अस्पताल में जल्द ही रोबोटिक तकनीक से किडनी ट्रांसप्लांट किया जाएगा?**

(A) पीबीएम अस्पताल, बीकानेर

(B) सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर

(C) एम्स, जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine